जागरण

नकली सीमेंट बनाने के धंधे का भंडाफोड़

Publish Date:Tue, 17 Sep 2019 06:28 AM (IST)

जासं, नियामताबाद (चंदौली) : अलीनगर थाना के हथेरवा गांव के समीप सोमवार को एक गोदाम में छापेमारी कर पुलिस ने नकली सीमेंट बनाने के धंधे का भंडाफोड़ किया। सीओ सदर त्रिपुरारी पांडेय के नेतृत्व में हुई छापेमारी में करीब 325 बोरी सीमेंट व बड़े पैमाने पर नामचीन सीमेंट कम्पनियों के खाली बोरियों को भी पुलिस ने जब्त किया। पुलिस ने एक आरोपित को मौके से हिरासत में भी ले लिया।

पुलिस को लगातार शिकायत मिल रही थी कि हथेरवा गांव के उक्त जगह पर नकली सीमेंट बनाने का गोरख धंधा किया जा रहा है। सूचना पर सीओ सदर व अलीनगर थाना प्रभारी निरीक्षक नागेंद्र प्रताप सिंह ने पुलिस टीम के साथ उक्त गोदाम पर छापेमारी की। इससे गोदाम में काम कर रहे लोगों में खलबली मच गई। कुछ लोग मौके से फरार हो गए। जबकि पुलिस ने एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। गोदाम से 325 बोरी सीमेंट मिली। गोदाम में कई नामी गिरामी कम्पनियों के नाम पर छपी बोरियों में नकली सीमेंट भरी जा रही थी। सीओ सदर ने बताया कि गोदाम में नकली सीमेंट को नामचीन कंपनियों की बोरियों में भरने का काम किया जा रहा था। एक आरोपित को हिरासत में लेकर मामले की जांच की जा रही है।

Posted By: **Jagran**

Source: https://www.jagran.com/uttar-pradesh/chandauli-business-to-make-fake-cement-busted-19583423.html